

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ, शुक्रवार,01,अगस्त 2025 Follow us on:/ planetnewsindia@gmail.com


## Kanpur: हैलट में बनेगा प्रदेश का पहला AI वार्ड



Kanpur News: हैलट अस्पताल में प्रदेश का पहला एआई वार्ड बनाया जा रहा है, जहां कैंसर लगे बेड रात में मरीजों की हालत पर नजर रखेंगे। हालत बिगड़ने पर यह सिस्टम तुरंत अलार्म बजाकर डॉक्टरों को सूचित करेगा, जिससे मरीजों की जान बचाई जा सकेगी।कानपुर के हैलट अस्पताल में प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों का पहला आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) वार्ड बनाया जा रहा है। खास तौर पर रात में रोगी की हालत की मॉनीटरिंग आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस करेगा। अगर रोगी की हालत जरा सी बिगड़ी, तो डॉक्टर के पास मैसेज जाने के साथ ही नर्स रूम में अलार्म बज जाएगा। इससे रोगी को तुरंत इमरजेंसी इलाज उपलब्ध हो जाएगा, जिससे जान जाने की नौबत नहीं आने पाएगी।आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के सेंसर सजग प्रहरी की तरह काम करेंगे। रोगी के अंदरूनी सभी अंगों की बराबर मॉनीटरिंग होती रहेगी। अंगों की स्थिति में आने वाले उतार-चढ़ाव के पल-पल की खबर एआई को रहेगी। मेक इन इंडिया के तहत यह एआई सिस्टम तैयार किया गया है। यह सिस्टम बनाने वाली कंपनी का प्रस्ताव जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने स्वीकार कर लिया है।कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला ने बताया कि यह एआई सिस्टम वार्ड तीन

## व्हाइट हाउस ने ट्रंप टैरिफ की नई सूची जारी की, इसमें भारत भी शामिल; लागू करने की तारीख भी टाली



ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का भारत के साथ भारी व्यापार घाटा है। उन्होंने कहा 'भारत हमारा मित्र है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हमने उनके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं, दुनिया में सबसे ज़्यादा हैं।'अमेरिका ने भारत समेत कई अन्य देशों पर लगने वाला टैरिफ एक हफ्ते के लिए टाल दिया है। पहले ये टैरिफ 1 अगस्त से लागू होना था, लेकिन अब यह 7 अगस्त से लागू होगा। गुरुवार को व्हाइट हाउस ने उन देशों की सूची जारी की, जिन पर अमेरिकी सरकार ने टैरिफ लगाया है या फिर संशोधित किया है। 'पारस्परिक टैरिफ दरों में और संशोधन' शीर्षक वाले एक कार्यकारी आदेश में, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर के लगभग 70 देशों के लिए टैरिफ दरों की घोषणा की।भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। कार्यकारी आदेश में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार और सुरक्षा समझौते करने के लिए कुछ व्यापारिक साझेदार देश सहमत हो गए हैं और कुछ सहमत होने के कगार पर हैं। यह व्यापार बाधाओं को स्थायी रूप से दूर करने और आर्थिक एवं राष्ट्रीय

## लवायु परिवर्तन: जुलाई में औसत से सात फीसदी अधिक बारिश कहीं ज्यादा-कहीं कम



मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार जहां राजस्थान और लद्दाख जैसे इलाकों में सामान्य से बेहद अधिक बारिश दर्ज की गई, वहीं पूर्वोत्तर के कई राज्यों और दिल्ली जैसे इलाकों में वर्षा में भारी गिरावट देखने को मिली है। इस असमान वितरण को जलवायु परिवर्तन से उपजा एक स्पष्ट संकेत मान सकते हैं।जुलाई माह में औसत से 7% ज्यादा बारिश हुई है लेकिन कहीं ज्यादा तो कहीं कम। मानसून के असमान वितरण के लिए जलवायु परिवर्तन को कारण माना जा रहा है।मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार जहां राजस्थान और लद्दाख जैसे इलाकों में सामान्य से बेहद अधिक बारिश दर्ज की गई, वहीं पूर्वोत्तर के कई राज्यों और दिल्ली जैसे इलाकों में वर्षा में भारी गिरावट देखने को मिली है। इस असमान वितरण को जलवायु परिवर्तन से उपजा एक स्पष्ट संकेत मान सकते और पत्नी नितेश मौजूद थीं। अनन्या शाम चार बजे कमरे से बाहर निकली तो मां को फंदे पर लटका देख उसकी चीख निकल पड़ी। अनन्या ने फौरन अपने पिता को घटना की जानकारी दी। वहीं, नितेश के भाई और फिरोजाबाद के मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार जहां राजस्थान और लद्दाख जैसे इलाकों में सामान्य से बेहद अधिक बारिश दर्ज की गई, वहीं पूर्वोत्तर के कई राज्यों और दिल्ली जैसे इलाकों में वर्षा में भारी गिरावट देखने को मिली है। इस असमान वितरण को जलवायु परिवर्तन से उपजा एक स्पष्ट संकेत मान सकते हैं। पूरे देश में जुलाई के दौरान केवल दो राज्य ऐसे रहे जहां बहुत अधिक बारिश दर्ज की गई। राजस्थान में सामान्य से 89 फीसदी और लद्दाख में 161 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज की गई। वहीं चार राज्य ऐसे हैं जहां सामान्य से अधिक वर्षा हुई है और 23 राज्यों

## मालेगांव विस्फोट मामला

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता इम्तियाज जलील ने मांग की कि महाराष्ट्र सरकार 2008 के मालेगांव बम विस्फोट मामले में सात आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले को बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दे। उन्होंने 2006 के मुंबई ट्रेन विस्फोट





मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की ओर से हाल ही में सभी 12 लोगों को बरी किए जाने का भी हवाला दिया।पीड़ित परिवारों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील शाहिद नदीम ने कहा कि वह सातों आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले को जल्द ही हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। उन्होंने कहा, हम स्वतंत्र रूप से अपील दायर करेंगे। वकील नदीम ने कहा, यह दुखद है कि हम 17 साल से फैसले का इंतजार कर रहे थे। लेकिन पीड़ितों की गलती नहीं है कि उन्हें बरी कर दिया गया। उन्हें बस तकलीफ हुई। पीड़ित मालेगांव से अपने जख्म दिखाने आए थे, अदालत ने संदेह का लाभ दिया क्योंकि एजेंसी, एटीएस और सरकार नाकाम रही। पीड़ितों की इसमें कोई भूमिका नहीं है। अदालत ने माना है

## मणिपुर में सुरक्षाबलों का अभियान जारी

### चुराचांदपुर और थौबल जिलों में भारी मात्रा में हथियार बरामद




मणिपुर में हिंसा और अस्थिरता के बीच सुरक्षा बलों ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चुराचांदपुर और थौबल जिलों में बुधवार को कई सफल संयुक्त छापेमारी अभियान चलाए। इन समन्वित ऑपरेशनों के दौरान बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री जब्त की गई, जिससे राज्य में शांति बहाली की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।मणिपुर में हिंसा और अस्थिरता के बीच सुरक्षा बलों ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चुराचांदपुर और थौबल जिलों में बुधवार को कई सफल संयुक्त छापेमारी अभियान चलाए। इन समन्वित ऑपरेशनों के दौरान बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री जब्त की गई, जिससे राज्य में शांति बहाली की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।पुलिस के मुताबिक चुराचांदपुर जिले डम्पी रिज से हथियारों का जखीरा बरामद किया गया। चुराचांदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सॉन्गफेल के पास डम्पी रिज में सुरक्षा बलों की तरफ

## Gangotri Cruise



Varanasi News: गंगोत्री क्रूज पर तीन बटुक गंगा आरती कराएंगे। वहीं इस क्रूज पर पर्यटक योग भी करेंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद ले सकेंगे। काशी के सबसे बड़े तीन तल वाले लग्जरी क्रूज पर गंगा आरती भी होगी। पर्यटक इस पर योग भी करेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ भी उठा सकेंगे। इस क्रूज के सबसे ऊपरी तल पर सुबह शाम पर्यटकों के लिए गंगा आरती होगी। तीन बटुक गंगा आरती करेंगे। इसके अलावा सुबह एक घंटे योग होगा। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। वाराणसी पहुंचे गंगोत्री क्रूज में पर्यटक मार्कंडेय महादेव से विंध्यधाम का भ्रमण करेंगे। इस क्रूज में पर्यटकों को खास सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारियां चल रही हैं।24 कमरों वाले इस क्रूज में पर्यटकों को भारतीय व्यंजन के अलावा बनारस के प्रसिद्ध जायके भी परोसे जाएंगे। बनारसी कचौड़ी-सब्जी, जलेबी, बाटी-चोखा के अलावा गोलगप्पे का स्वाद भी यहां मिलेगा।

# Aaj Ka Rashifal 01 August

## महीने के पहले दिन इन पांच राशि वालों को मिल सकती है अच्छी खबरें

01 August Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 01 अगस्त 2025 का राशिफल।



### मेष

आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने कामों को किसी दूसरे पर ना डालें। विपरीत परिस्थितियों में भी आपको धैर्य बनाए रखना होगा। प्रियजनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। जीवनसाथी को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपको अपने करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण कदम उठाना होगा। यदि आप किसी काम को लेकर परेशान चल रहे हैं, तो वह आज पूरा हो सकता है। आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। निजी जीवन में सफलता मिलेगी। आपको कुछ ईर्ष्यालु व झगड़ालु लोगों से सावधान रहना होगा। आपका कोई मित्र शत्रु बन सकता है। आपके बॉस को आपके दिए गए सुझाव पसंद आएंगे। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। संतान पढ़ाई के लिए कहीं बाहर जा सकती है। आप किसी से पार्टनरशिप थोड़ा समझदारी दिखाते हुए करें और कोई बड़ा जोखिम न लें।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। अध्ययन के प्रति आपके काफी रुचि रहेगी। आपको खर्चों को लेकर थोड़ा ध्यान देना होगा। समाज में लोग आपसे प्रभावित रहेंगे। आप अपनी बुद्धि से कोई ऐसा निर्णय लेंगे, जिससे कार्यक्षेत्र के लोग भी हैरान होंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आप किसी को धन उधार बहुत ही सोच विचारकर दें। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मिलाप करने आ सकता है।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। पारिवारिक विषयों में आप किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह ना लें। आप छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपकी संतान को पढ़ाई-लिखाई में यदि कोई समस्या आ रही थी, तो उसके लिए आप उनसे बातचीत करें और उनके मन में चल रही उलझनों को दूर करने की कोशिश करें। किसी नए वाहन की खरीदारी आप कर सकते हैं। किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। आपका मनोबल काफी बढ़ेगा। आप अपने कामों को लेकर कोई महत्वपूर्ण जानकारी ले सकते हैं। आप अपनी संतान के साथ कुछ समय मौज-मस्ती व्यतीत करने में व्यतीत करेंगे। घूमने-फिरने के लिए आप कोई योजना बना सकते हैं। किसी नई नौकरी के लिए यदि आपने अप्लाई किया था, तो वहां से आपको बुलावा सकता है। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

### कन्या

आज बिजनेस कर रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा। आपका कोई काम बनते-बनते बिगड़ सकता है। आपको अपनी वाणी पर संयम रखें। आप भगवान पर भरोसा रखें। आपसे यदि कोई झूठ बोला था, तो आज वह भी उजागर हो सकता है। अविवाहित जातकों के जीवन में उनके साथी की दस्तक हो सकती है। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के अवसरों पर पूरा ध्यान देंगे, लेकिन उसमें कुछ कठिनाइयां अवश्य आएंगी।

### तुला

आज का दिन आपके लिए व्यवसाय में कोई बदलाव लाने के लिए रहेगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपको अच्छे कामों के लिए कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको नौकरी में ट्रांसफर आदि भी मिलने की संभावना है। माताजी को आप ननिहाल पक्ष के लोगों से मेल मिलाप कराने लेकर जा सकते हैं। आप अपने साथी के लिए कुछ शॉपिंग आदि भी कर सकते हैं।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। आपको किसी काम में उसके नीति-नियमों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। परिवार में खुशियां आएंगी क्योंकि पुरानी चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। आपके ऊपर यदि कुछ कर्ज था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं, जो लोग कमीशन का काम करते हैं, उन्हें आज अच्छा कमीशन मिलने की संभावना है। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी अच्छी स्कीम का पता चलेगा।

### धनु

आज का दिन आपके लिए बहुत ही सूझबूझ दिखाकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों को प्राथमिकता देनी होगी, आप दूसरे के मामले में बेवजह ना बोलें। आप किसी धार्मिक आयोजन में शामिल हो सकते हैं। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी, जिससे आपका मनोबल भी काफी ऊंचा रहेगा। आप कोई बड़ा जोखिम उठाने के सोच सकते हैं। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को किसी एक्सपर्ट की राय से आगे बढ़ाना बेहतर रहेगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

### मकर

आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। शासन-सत्ता का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। कोई कानूनी मामला यदि आपको लंबे समय से परेशान कर रहा था, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलने की संभावना है, लेकिन उसमें आपका खर्चा थोड़ा अधिक होगा। आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं, लेकिन आप किसी से मांग कर वहां ना चलाएं। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए धर्म-कर्म के कार्यो से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। दोस्तों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपसे जल्दबाजी के कारण कोई गलती हो सकती हैं। संतान को आप कोई जिम्मेदारी दें सकते हैं। आपको अपने पारिवारिक मामलों को घर में निपटाना ही बेहतर रहेगा। आपको अपने समय का सदुपयोग करने की आवश्यकता है, क्योंकि आप उसे इधर-उधर लगाकर खराब कर सकते हैं। जो जातक सरकारी नौकरी में कार्यरत हैं, उन्हें ट्रांस्फर मिल सकता है।

### मीन

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको बड़ों के प्रति आदर और सम्मान बनाए रखना होगा। आप अपने मन में चल रही उलझनों को लेकर अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। महत्वपूर्ण विषयों में आपको थोड़ी सहजता दिखानी होगी। आप अत्यधिक लाभ के चक्कर में ना पड़ें, नहीं तो इससे आपका कोई भारी नुकसान हो सकता है। आप जल्दबाजी में किसी से कोई समझौता न करें और यदि आपकी कोई स्वास्थ्य संबंधित समस्या लंबे समय से बढ़ रही है, तो उसे उसके लिए आप किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें

आज अगस्त महीने का पहला दिन है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर दिन रात तुला राशि में रहेगा। स्वाती नक्षत्र के शुभ संयोग में आज के दिन गजलक्ष्मी राजयोग का निर्माण हो रहा है। इसके चलते आज के दिन कुछ राशि वालों को भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा। आइए जानते हैं मेष से लेकर मीन राशि वालों के लिए आज का राशिफल विस्तार से...की गणना करते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है।

# Circle Rate:

## नया सर्किल रेट आज से प्रभावी, यूपी के इस जिले में जमीनों की कीमतें 20 फीसदी तक बढ़ीं

नया डीएम सर्किल रेट लागू होने के बाद जमीनों की कीमतें बढ़ गई हैं। बरेली जिले में जमीनों की न्यूनतम कीमतों में करीब 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अब नई दर से बैनामे होंगे।नया डीएम सर्किल रेट शुक्रवार से प्रभावी हो गया है। इसमें बरेली जिले के प्रत्येक गांव और शहरी क्षेत्रों की जमीनों की न्यूनतम कीमतों में करीब 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एडीएम राजस्व एवं वित्त संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार को जो भी बैनामा हुए हैं, वह सभी पुरानी दरों पर किए गए। अब एक अगस्त से बढ़ी दरों से ही बैनामा होंगे। नई दरों में जो भी न्यूनतम कीमतें तय हुई हैं, उससे कम पर कोई भी भूखंड की बिक्री नहीं होगी, न ही उससे कम पर स्टांप लगेगा। सिविल लाइंस के गांधी उद्यान से श्यामगंज चौराहे तक रामबाग, हाफिजपुर, सेमल खेड़ा, फाल्गुनगंज में



1000 वर्ग फीट के भूखंड की न्यूनतम कीमत 59 लाख थी, जो अब 70 लाख हो गई है। रामपुर बाग में डीआईओएस, पुलिस कार्यालय से गंगाचरन अस्पताल के सामने महालक्ष्मी टावर तक जोड़ने वाली सड़क के आसपास 1000 वर्ग फीट के भूखंड की न्यूनतम कीमत 64 लाख थी, जो बढ़कर 76 लाख हो गई है। बिहारीपुर सिविल लाइंस में चौपला चौराहे से सिटी स्टेशन होकर किला क्रॉसिंग तक 1000 वर्ग फीट के भूखंड की कीमत 44 लाख थी, जो बढ़कर 52 लाख हो गई है।सौ फुटा रोड से संजय नगर बाइपास को जोड़ने वाली सड़क, मंदिर मिहिर भोज मार्ग के दोनों ओर स्थित शेरपुर व तुलापुर में 1000 वर्ग फीट के भूखंड की अभी तक न्यूनतम कीमत 39 लाख रुपये थी, जो बढ़ाकर 46 लाख हो गई है। इसी तरह, बीसलपुर चौराहे से नकटिया नदी तक सड़क के दोनों ओर हारुनगला, ग्रीन पार्क और अन्य गांव में 1000 वर्ग फीट जमीन की कीमत 50 लाख रुपये से बढ़कर 60 लाख हो गई हैं। वहीं, संजय नगर श्मशान भूमि से पीलीभीत बाइपास को मिलाने वाली सड़क के किनारे नवादा जोगियान, शेरपुर व तुलापुर में 40 लाख रुपये में एक हजार वर्ग फीट जमीन मिल जा रही थी।

# Delhi NCR Weather

## महीने की शुरुआत बारिश के साथ... दिल्ली-एनसीआर में सुबह से रिमझिम, कई दिन बरसेंगे बदरा





दिल्ली-एनसीआर में बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश का यह सिलसिला तीन अगस्त तक जारी रह सकता है। राजधानी पर मानसून मेहरबान बना हुआ है। बीते दो दिन से राजधानी में जमकर बदरा बरस रहे हैं। आज भी सुबह से दिल्ली-एनसीआर में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए हल्की वर्षा होने की संभावना जताई थी। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 34 और 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।बुधवार को शुरू हुआ बारिश का सिलसिला आज भी जारी रहा। कल सुबह से ही झमाझम बारिश हुई। इस दौरान आसमान में काली घटा छाई रही। इसके चलते मौसम सुहावना बना रहा। झमाझम बरसात ने जहां दिल्ली-एनसीआर वालों को उमस से राहत दिलाई, तो वहीं ये आफत बनकर भी बरसी। कई इलाकों में जलभराव के साथ घंटों तक लगे जाम दिल्ली-एनसीआर वालों की भी रफ्तार धीमी कर दी। सुबह समय से स्कूल-कॉलेज और दफ्तर पहुंचने वालों की परेशानी बढ़ी। बारिश के चलते दिल्ली-एनसीआर में कई सड़कों पर लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। ऐसे में सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए।मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में बुधवार सुबह 8:30 बजे से गुरुवार सुबह 8:30 बजे तक सफदरजंग मानक वेधशाला में 39.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं, गुरुवार सुबह 5:30 बजे तक दिल्ली में 16.6 बारिश हुई। पालम में 79, नजफगढ़ में 61, आया नगर में 51.1, रिज में 34.4, राजघाट में 9.8, लोधी रोड में 9.3 और पूसा में 9 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस कम के साथ 29.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस कम के साथ 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


# संत प्रेमानंद महाराज ने इसलिए छोड़ा था घर

Premanand Maharaj Controversy : वृंदावन के संत प्रेमानंद जी महाराज के एक वीडियो पर जमकर बवाल मचा हुआ है. वायरल वीडियो में 14 सेकेंड के प्रेमानंद जी महाराज कहते दिखाई दे रहे हैं कि 100 में चार बच्चियां ही पवित्र...और पढ़ें कानपुर/वृंदावन. वृंदावन के संत प्रेमानंद जी महाराज के एक वीडियो पर विवाद जारी है. वायरल वीडियो को अधूरा बताया जा रहा है. बहुत ही निर्मल और सरल स्वभाव के संत प्रेमानंद जी महाराज का जन्म कानपुर के सरसौल के अखरी गांव में हुआ था. उनके दादा भी संयासी थे. बचपन का नाम अनिरुद्ध कुमार था. प्रेमानंद महाराज के पिता शंभू पांडे ने संन्यास स्वीकार किया था. मां रमा देवी दुबे भी बहुत धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं. मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों में संत सेवा ही दंपती का मन रमता था. घर में धार्मिक वातावरण एक चलते प्रेमानंद का भी बालावस्था से अध्यात्म की ओर से झुकाव हो गया.



# Dhadak 2 X Review

दर्शकों की उम्मीदों पर पास या फेल तृप्ति-सिद्धांत की फिल्म? जानिए नेटिजन्स का रिएक्शन





Netizens Rreaction On Dhadak 2: फिल्म 'धड़क 2' आज 01 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की इस फिल्म को सोशल मीडिया पर दर्शकों से कैसी प्रतिक्रिया मिल रही है? जानिएसाल 2018 में आई जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'धड़क' की अगली कड़ी के रूप में फिल्म 'धड़क 2' आज शुक्रवार 01 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म जातिवाद के मुद्दे पर आधारित है। सिद्धांत चतुर्वेदी नीलेश की भूमिका में हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी ने विधि का रोल निभाया है। इनकी प्रेम कहानी में जाति बाधा बनकर खड़ी होती है।

# आशीर्वाद ने मेरे हृदय को शांति से भर दिया'

## सनी देओल ने की दलाई लामा से मुलाकात; लिखा इमोशनल नोट



Sunny deol meet Dalai Lama: सनी देओल ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर दलाई लामा के साथ एक खास तस्वीर शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। फैंस उनकी इस तस्वीर पर जमकर प्यार बरसा रहे हैं। बॉलीवुड एक्टर सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच सनी ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर दलाई लामा के साथ एक शानदार तस्वीर शेयर की है। इस खास तस्वीर के साथ सनी ने एक भावुक नोट भी लिखा है।सनी देओल ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी और दलाई लामा की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस शानदार तस्वीर के साथ सनी ने कैप्शन में बेहद ही भावुक नोट लिखा, 'बहुत सम्मान और कृतज्ञता का पल। लद्दाख की शांत वादियों में परम पावन दलाई लामा से मुलाकात हुई। उनकी मौजूदगी, ज्ञान और आशीर्वाद ने मेरे मन को शांति दी। यह पल सचमुच अविस्मरणीय है।'सनी की इस खास पोस्ट के बाद फैंस ने भी जमकर कमेंट कर अपना प्यार बरसाया है। एक फैन ने लिखा, 'मेरा असली हीरो', एक फैन ने लिखा, 'सनी पाजी जय श्री राम', एक फैन ने लिखा, 'वाह...शानदार...आपसे बहुत प्यार करता हूं', एक फैन ने लिखा, 'ये वो हाथ हैं, जिन्होंने पाकिस्तान का हैंडपंप उठाया था, इन हाथों को सलाम पालजी, लव यू', एक फैन ने लिखा, 'गुरु से बड़ा ना कोई होए', एक फैन ने सनी की फिल्म गदर का डायलॉग लिखा, 'हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा।'सनी देओल आखिरी बार फिल्म 'जाट' में नजर आए थे। अब सनी जल्द ही 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे। यह फिल्म 23 जनवरी,

# इब्राहिम और राशा ने भी किया वॉक



भारत के हैंडसम और यंग क्रिकेटर अभिषेक शर्मा क्रिकेट के मैदान के बाद अब रैंप पर भी छा गए हैं। खिलाड़ी ने इंडियन कोचर वीक 2025 के ग्रैंड फिनाले में वॉक किया।24 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज को मैदान पर गेंदबाजों के छक्के छुड़ाते हुए देखा गया है,

# सांप ने शहर में मचाया आंतक,



Zootopia 2 Trailer Released: डिज्नी की मच अवेटेड फिल्म 'जूटोपिया 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है यानी अब जल्द ही निक और ज्युडी की जोड़ी फिर से दर्शकों को एंटरटेन करने के लिए तैयार है। डिज्नी की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म 'जुटोपिया' एक बार फिर अपने नए सीक्वल के साथ लौट आई है। जहां पहली फिल्म में अपराध सुलझाने के लिए निक वाइल्ड और ज्युडी हॉप्स की जोड़ी बनाई गई थी, वहीं अब 'जूटोपिया 2' में भी दोनों मिलकर एक विशाल सांप का सामना करेंगे। 'जूटोपिया 2' का ट्रेलर रिलीज हुआ है जिसमें एक बार फिर ये जोड़ी दर्शकों को एंटरटेन करते हुए नजर आएगी। फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को एक ऐसे सफर पर ले जाता है, जहां निक और ज्यूडी, जो अब जूटोपिया पुलिस के रॉकी ऑफिसर हैं, एक नए और खतरनाक केस में उलझ जाते हैं। इस बार चुनौती सिर्फ प्रोफेशनल नहीं बल्कि पर्सनल भी है। दोनों के बीच बढ़ते मतभेदों को देखते हुए चीफ बोगो उन्हें 'पार्टनर्स इन क्राइसिस' नाम के काउंसलिंग प्रोग्राम में भेजते हैं। लेकिन हालात तब बिगड़ जाते हैं जब उन्हें जूटोपिया में आए एक रहस्यमयी और जहरीले सांप के केस में जुटना पड़ता है।'जूटोपिया 2' में कई नए किरदारों की भी एंट्री होती है।




# Samantha Ruth Prabhu



Viral Video: अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु और निर्देशक राज निदिमोरु हाल ही में मुंबई के रेस्टोरेंट में एक साथ डिनर डेट पर नजर आए। जिससे उनके रिश्ते की अफवाहें और तेज हो गईं। साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु और फिल्म निर्देशक राज निदिमोरु को एक साथ मुंबई के एक रेस्टोरेंट में डिनर डेट पर देखा गया। दोनों एक साथ एक ही कार में डिनर के लिए रेस्टोरेंट आए थे। लेकिन जब पैपराजी ने दोनों को एक साथ कैमरे में कैद करना चाहा तो राज पैपराजी की इस हरकत से नाराज नजर आए।मुंबई में डिनर के लिए एक साथ नजर आए सामंथा और राज को देखने के बाद जैसे ही पैपराजी ने उन्हें कैमरे में कैद करना चाहा, वैसे ही राज के चेहरे के एक्सप्रेशन गुस्से में बदल गए। राज पैपराजी की इस हरकत से नाराज नजर आए। इस दौरान सामंथा ने सफेद-नीली धारीदार स्वेटर पहनी थी और साथ ही वह बिना मेकअप के सिपंल लुक में भी बेहद खूबसूरत दिखीं, जबकि राज हरी जैकेट और काली टोपी में दिखे।अब इन दोनों का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि, दोनों ने अपने रिश्ते के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। पहले, सामंथा ने सोशल मीडिया पर राज के साथ डेट्रॉयट की तस्वीरें साझा की थीं, जिसने इन दोनों की डेटिंग को लेकर अफवाहों को हवा दी थी।इंडिया टुडे की एक खबर के मुताबिक, राज की पूर्व पत्नी श्यामाली डे ने सोशल मीडिया पर एक रहस्यमय पोस्ट लिखा था, जिसमें उन्होंने "जो बोओगे, वही काटोगे" कहा, जिसे लोग इन अफवाहों से जोड़कर देख रहे हैं।सामंथा और राज ने 'द फैमिली मैन 2' और 'सिटाडेल: हनी बनी' जैसी वेब सीरीज में साथ काम किया है। अब सामंथा नेटफ्लिक्स की 'रक्त ब्रह्मांड: द ब्लडी किंगडम' पर काम कर रहे हैं।

# भारतीय मूल के निखिल रविशंकर होंगे

एअर न्यूज़ीलैंड के सीईओ; अंडमान-निकोबार में पहली बार ईडी के छापे भारतीय मूल के निखिल रविशंकर एअर न्यूज़ीलैंड के सीईओ होंगे। वह 20 अक्तूबर को पदभार संभालेंगे। पांच वर्षों तक कंपनी से जुड़े रहने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। एयरलाइंस कंपनी ने बताया कि अभी निखिल एयरलाइन के मुख्य डिजिटल अधिकारी हैं। उन्होंने कंपनी की सेवाओं में जबरदस्त सुधार लाया है। एअर न्यूज़ीलैंड ने कहा, निखिल ने विमानन क्षेत्र और एयरलाइन की गहरी समझ हासिल की है। उन्होंने एयरलाइन की तकनीकी रीढ़, लॉयल्टी प्रोग्राम और ग्राहक प्रस्ताव में भी बड़ी प्रगति का नेतृत्व किया है। निखिल ने कहा, एअर




न्यूज़ीलैंड के नेतृत्व का अवसर पाकर रोमांचित हूं। गौरतलब है कि एअर न्यूज़ीलैंड और एअर इंडिया ने मार्च में घोषणा की थी कि वे 2028 के अंत तक दोनों देशों के बीच सीधी सेवा शुरू करने की संभावना तलाशेंगे। दोनों एयरलाइनों ने भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए थे। दोनों एयरलाइनों के बीच भारत, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड के बीच 16 रूटों पर एक नई कोडशेयर साझेदारी होगी।प्रवर्तन निदेशालय ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पूर्व कांग्रेस सांसद कुलदीप राय शर्मा से जुड़े कथित सहकारी बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में पहली बार बंगाल की खाड़ी में स्थित इस केंद्र शासित प्रदेश में छापे मारे ईडी अधिकारियों ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पोर्ट ब्लेयर और उसके आसपास के नौ स्थानों के अलावा कोलकाता में दो जगहों पर छापे मारे। यह मामला अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक और उसके उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा से संबंधित है।

# Gold Price

## सोना इतिहास में पहली बार हुआ इतना महंगा, 10 ग्राम की कीमत एक लाख रुपये के पार; जानें कब होगा सस्ता

सोने की कीमत ने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पहली बार सोने का भाव 1 लाख रुपये के पार हो गया है। अब प्रति 10 ग्राम का स्तर पार कर लिया है अक्षय तृतीया से पहले सोने की कीमत में भारी उछाल से हर कोई हैरान है। 24 कैरेट सोने की कीमत एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार हो गई हैं। सोने की बढ़ी कीमतों ने स्वर्णकारों से लेकर ग्राहकों की धड़कनों को बढ़ा दिया है। शादी से सीजन में लोगों को सोने के आभूषण खरीदने से पीछे हट रहे हैं। सर्राफा दुकानों में सन्नाटा पसरा हुआ है। मंगलवार को 24 कैरेट सोने की कीमत एक लाख रुपये प्रति दस ग्राम के पार रहीं। वहीं, 22 कैरेट सोने की कीमत प्रति दस ग्राम 98200 रुपये तक पहुंच गई।अक्षय तृतीया का पर्व 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस दिन को विवाह के लिए



बेहद शुभ मुहूर्त माना जाता है। अक्षय तृतीया पर लोग सोने-चांदी के आभूषणों की भी खरीदारी करते हैं। लेकिन अक्षय तृतीया से पहले सोने के दाम आसमान छूते जा रहे हैं। सोने की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि से हर कोई भौचक्का रह गया है। उप्र स्वर्णकार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामबाबू वर्मा ने बताया कि सोने की कीमतों में उछाल और गिरावट से हर कोई हैरान है। सोने के दामों की दिशा तय करना मुश्किल हो गया है। लगातार बढ़ोतरी से एक्सपर्ट कुछ भी अनुमान लगाने से हिचक रहे हैं। उप्र स्वर्णकार एसोसिएशन के महामंत्री ज्ञान गुप्ता का कहन है कि सोने की कीमत बढ़ने के बाद बाजार में सोने की खरीद में एक दम कमी आने से दुकानदार मायूस हैं।

# ED: अनिल अंबानी से जुड़े 50 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

ED: अनिल अंबानी से जुड़े 50 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, ₹3000 करोड़ के यस बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को मुंबई में उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनियों से जुड़े कई स्थानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा रिलायंस कम्युनिकेशंस और इसके प्रमोटर-निदेशक अनिल डी अंबानी को 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत किए जाने के कुछ ही दिनों बाद की गई है।हालांकि अनलि अंबानी के निजी आवास पर तलाशी




अभियान नहीं चलाया गया, लेकिन दिल्ली और मुंबई से आई ईडी की टीमों ने उनके समूह की कुछ कंपनियों से जुड़े परिसरों का दौरा किया। यह जांच RAAGA (रिलायंस अनिल अंबानी समूह) कंपनियों की ओर से कथित धन शोधन से संबंधित है। ईडी की कार्रवाई राष्ट्रीय आवास बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए), बैंक ऑफ बड़ौदा और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज दो एफआईआर सहित कई नियामक और वित्तीय निकायों से प्राप्त इनपुट पर आधारित है।रिपोर्ट्स के अनुसार अनिल अंबानी समूह से जुड़े वरिष्ठ व्यावसायिक अधिकारियों के यहां भी तलाशी ली जा रही है। ईडी का दावा है कि उसे सार्वजनिक धन की हेराफेरी की एक सुनियोजित योजना के सबूत मिले

# डिजिटल तकनीक ने बदल दी भारत की कर प्रणाली

Tax: डिजिटल तकनीक ने भारत की कर प्रणाली को ज्यादा पारदर्शी और तेज बना दिया है, जिससे करदाताओं को रिफंड पहले से कहीं जल्दी और ज्यादा मिल रहा है। पिछले दस वर्षों में कर वापसी (रिफंड) में 474% की वृद्धि हुई है, जबकि औसतन रिफंड जारी होने का समय 93 दिन से घटकर सिर्फ 17 दिन रह गया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।Tax: डिजिटल तकनीक ने भारत की कर प्रणाली को ज्यादा पारदर्शी और तेज बना दिया है, जिससे करदाताओं को रिफंड पहले से कहीं जल्दी और ज्यादा मिल रहा है। पिछले दस वर्षों में कर वापसी (रिफंड) में 474% की वृद्धि हुई है, जबकि औसतन रिफंड जारी होने का समय 93 दिन से घटकर सिर्फ 17 दिन रह गया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।सूत्रों ने बताया कि 2013-14 से 2024-



आईटी, बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा), विनिर्माण और एफएमसीजी क्षेत्रों का योगदान है। फाउंडइट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी प्रणय काले ने कहा, यह हाल के वर्षों में सबसे मजबूत वृद्धि है, जो भारत के रोजगार परिदृश्य में टियर-2 शहरों के बढ़ते महत्व को बताती है। अब नौकरी चाहने वालों के पास अपने घर के पास ही विभिन्न अवसर उपलब्ध हैंरिपोर्ट के मुताबिक, टियर-2 शहरों में भर्तियां सालाना आधार पर 28 फीसदी बढ़ी हैं। इसके उलट, दिल्ली-एनसीआर (5 फीसदी), चेन्नई (18 फीसदी) और बंगलूरू (16 फीसदी) जैसे प्रमुख महानगरों में तुलनात्मक रूप से धीमी वृद्धि देखी गई। टियर-2 शहरों में आईटी भर्तियों में 53 फीसदी की असाधारण वृद्धि रही जो राष्ट्रीय औसत 30 फीसदी से अधिक है।

# भारतीय परिवारों के पास 25000 टन सोना

सोने को बेचना हमें अपनी विरासत से बिछड़ने जैसा लग सकता है। लेकिन, यह बात हमेशा ध्यान रखें कि सोना अन्य एसेट की तरह एक संपत्ति भी है और शेयरों की तरह इसका मूल्यांकन करना जरूरी है। आज के समय में सोना आपका बैकअप प्लान, विकास कोष और सुरक्षा कवच सब कुछ हो सकता है। भारत में सोना सिर्फ धन नहीं, यह हमारी पहचान का हिस्सा है। यह वह बेशकीमती उपहार है, जो दादी-नानी शादी में आशीर्वाद के रूप में देती हैं। माता-पिता इसे गुपचुप तरीके से तिजोरी में सहेज कर रखते हैं और जरूरत के समय यही सोना हर परिवार का सहारा बनता है। इस प्रकार, सोना सिर्फ धातु नहीं, बल्कि यादों, परंपरा



और भावनाओं का प्रतीक है। लेकिन, यह बात भी नहीं भूलनी चाहिए कि सोना दुनियाभर में सबसे भरोसेमंद निवेश विकल्प भी है। बात जब निवेश की आती है, तो आपको अपने पोर्टफोलियो को संतुलित बनाना भी जरूरी होता है। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि सोने को सिर्फ घर में रखकर छोड़ देना कितना सही फैसला है। सोना चाहे जेवर के रूप में हो या डिजिटल स्वरूप में, भारतीयों का सोने के प्रति प्यार न केवल भावनात्मक है,

# भारतीय अर्थव्यवस्था-वित्तीय प्रणाली

**तैरिफ के झटकों से निपटने में सक्षम; भारत FDI के लिए आकर्षक** आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है।


बढ़ते व्यापार, कई देशों के बीच लंबे समय तक चल रहे तनाव और उन्नत देशों के नीतिगत फैसलों से पड़ने वाले प्रभावों से उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। दुनियाभर में जारी अनिश्चित और चुनौतीपूर्ण आर्थिक पृष्ठभूमि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास का एक प्रमुख चालक बनी हुई है।आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है। घरेलू वित्तीय




प्रणाली बैंकों और गैर-बैंकिंग कंपनियों की स्वस्थ बैलेंस शीट से मजबूत बनी हुई है।रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय बाजारों में कम अस्थिरता और उदार मौद्रिक नीति से समर्थित वित्तीय स्थितियां आसान हुई हैं।


BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612


PAYOUT WALLET
Transform Your Vision into Reality – Grow Your Business Smarter with PlanetC Technology
GAMING
SALARY
UTILITY
WHY CHOOSE US?
Unleash The Potential
Convenience at Your Command
Personalized to Perfection
Unmatched Security
CONTACT NOW
PlanetC Technology
PlanetC Technology
WE'LL MAKE IT SIMPLE AND EASY TO USE
Username
Password
TRY IT NOW
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300


PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
PROMOTE YOUR BUSSINESS ON NEWS CHANNEL
Enquire today for best News Channel Ad Packages
Our Service:
Product Advertising
Service Advertising
Business Advertising
Contact Us
+91 7088120612
www.planetnewsindia.com
Follow on:


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
VACANCY
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:/
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
Rs.60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612

# IND vs ENG Playing-11

## पांचवें टेस्ट से बुमराह का बाहर होना तय; किसकी होगी एंट्री, क्या कुलदीप को मिलेगा मौका?











भारत और इंग्लैंड के बीच अब तक 'द ओवल' मैदान पर 14 टेस्ट खेले गए हैं। इनमें से टीम इंडिया ने दो मुकाबले जीते हैं, जबकि पांच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। सात टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। टीम इंडिया ने इस मैदान पर 1971 में इंग्लैंड को चार विकेट से हराया था। इसके बाद 2021 में भारतीय टीम ने 157 रन से जीत हासिल की। अब शुभमन गिल की टीम यहां जीत दर्ज करने उतरेगी।भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज के पांचवें और आखिरी टेस्ट की शुरुआत 31 जुलाई, गुरुवार से होगी। लंदन के द ओवल मैदान में खेला जाने वाला यह मैच टीम इंडिया के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सीरीज हार से बचने के लिए भारत को हर हाल में यह मैच जीतना होगा। इंग्लैंड ने फिलहाल 2-1 की बढ़त बनाई हुई है। शुभमन गिल की अगुआई में भारत ने इस दौरे पर कमाल का प्रदर्शन किया है। लीड्स और लॉर्ड्स, जिन दो टेस्ट मैचों में भारतीय टीम हारी, वो बेहद करीबी रहे। टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने मैनचेस्टर टेस्ट को बचाने के लिए गजब का साहस दिखाया। भारतीय बल्लेबाज इस सीरीज में फॉर्म में रहे हैं। हालांकि, आखिरी टेस्ट में भारत की सबसे बड़ी समस्या गेंदबाजों के चयन को लेकर होगी।

# Macau Open Badminton:

## लक्ष्य-तरूण और रक्षिता भी मकाऊ ओपन के दूसरे दौर में, आयुष भी अगले राउंड में पहुंचे



मिश्रित युगल में विश्व में 18वें स्थान पर काबिज और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के रत्चपोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 26 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराया।भारत के लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और तरूण मन्नेपल्ली ने मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य ने कोरिया के जियोन हियोक जिन को 21-8, 21-14 से हराया । वहीं विश्व के 31वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने 66वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के हुआंग यू केइ को केवल 31 मिनट में 21-10, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्दोयो और रित्विक संजीवी सतीश कुमार के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा । वहीं तरूण की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू से होगी। महिला एकल में रक्षिता रामराज एकमात्र भारतीय रहीं जिन्होंने दूसरे दौर में जगह बनाई। उन्होंने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोएकीवोंग को 63 मिनट में 18-21 21-17 22-20 से शिकस्त दी।

मिश्रित युगल में विश्व में 18वें स्थान पर काबिज और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के रत्चपोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 26 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराया। वहीं पुरुष युगल में पी कृष्णामूर्ति रॉय और एस प्रतीक की भारतीय जोड़ी ने डी कोनाथोयूजाम और अमान मोहम्मद की हमवतन जोड़ी को 21-18 21-19 से शिकस्त देकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।एच एस प्रणय को इंडोनेशिया के योहानेस एस मार्शेलिनो के हाथों 21-18, 15-21, 15-21 से पराजय झेलनी पड़ी। पुरुष एकल में सतीश कुमार करुणाकरण का सफर समाप्त हो गया। उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जस्टिन होह से 37 मिनट में 19-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। रित्विक संजीवी सतीश कुमार एक अन्य मैच में चिको से 16-21 8-21 से हार गए।महिला एकल में उन्नति हुड्डा को डेनमार्क की जूली डवाल जाकोबसन ने 16-21, 21-19, 21-17 से मात दी। अनुपमा उपाध्याय को जापान की रिको गुंजी ने 21-16, 21-10 से हराया। शंकर सुब्रहमण्यन और आकर्षि कश्यप को पहले दौर में चीन के हू जे अन और जापान की नोजोमी ओकुहारा ने क्रमश: 21-18, 21-14 और 21-14, 21-16 से हराया । किरण जॉर्ज हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से 31 मिनट में 21-15, 21-10 से हार गए।

# हॉकी: तनु की हैट्रिक



## चार गोल से वाराणसी मंडल ने मुरादाबाद को 5-0 से हराया, मेरठ को दी मात; पहुंचीं सेमीफाइनल

झांसी के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में वाराणसी के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। फॉरवर्ड प्लेयर तनु की हैट्रिक ने लोगों को आकर्षित कर दिया। चार गोल से वाराणसी मंडल ने मुरादाबाद को हरा दिया।69वीं प्रादेशिक विद्यालयीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता के अंडर-17 बालिका वर्ग में बुधवार को वाराणसी मंडल ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम की फॉरवर्ड खिलाड़ी तनु यादव की हैट्रिक सहित 4 गोल से वाराणसी मंडल मुरादाबाद को 5-0 से हराया। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में वाराणसी की टीम ने मेरठ मंडल को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।झांसी के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में मुकाबलों में वाराणसी के विकास इंटर कॉलेज की खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। पहले मैच में वाराणसी मंडल ने मुरादाबाद मंडल की केपीएस कॉलेज को हराया। इस मुकाबले में शुरुआत से ही वाराणसी की टीम हावी रही और पहले हाफ में ही 3-0 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद भी टीम का तेज खेल जारी रहा और दूसरे हाफ में दो और गोल दागकर स्कोर 5-0 पर पहुंचा दिया। इस मुकाबले में तनु के अलावा सृष्टि पटेल ने भी एक गोल कर टीम के स्कोर में योगदान दिया। सोनल, जानवी, अन्नू, सत्या, अंजली, रोशनी और कोमल ने भी पूरे मैच के दौरान शानदार खेल का प्रदर्शन किया।वहीं दूसरे मुकाबले में वाराणसी मंडल ने मेरठ मंडल को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

# Football News

## CAFA नेशंस कप में भारत का पहला मैच ताजिकिस्तान से; ब्राजील कोपा अमेरिका फेमिनिना के फाइनल में

CAFA नेशंस कप में भारत ग्रुप चरण के अपने अगले दो मैच एक सितंबर को ईरान और चार सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा। इस टूर्नामेंट में आठ टीम भाग लेंगी।



भारत को सीएएफए (CAFA) नेशंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप बी में रखा गया है। टीम इंडिया का पहला मुकाबला 29 अगस्त को दुशांबे में मेजबान ताजिकिस्तान से होगा। इस ग्रुप की अन्य दो टीमें ईरान और अफगानिस्तान हैं। आठ सितंबर तक चलने वाला यह मध्य एशियाई क्षेत्रीय टूर्नामेंट, एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालिफायर फाइनल राउंड से पहले भारत के लिए तैयारी का काम करेगा।भारत ग्रुप चरण के अपने अगले दो मैच एक सितंबर को ईरान और चार सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा। इस टूर्नामेंट में आठ टीम भाग लेंगी। प्रत्येक ग्रुप की विजेता टीमें ताशकंद में फाइनल में जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें दुशांबे में तीसरे स्थान के लिए भिड़ेंगी। ग्रुप ए के मैच ताशकंद में खेले जाएंगे। इस ग्रुप में मेजबान उज्बेकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, तुर्कमेनिस्तान और ओमान शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में भारत और ओमान दो मेहमान टीमें हैं। ईरान गत विजेता है, जिसने 2023 के फाइनल में उज्बेकिस्तान को 1-0 से हराया था।पिछली चार बार के चैंपियन ब्राजील की टीम इक्वाडोर के क्विटो में जारी कोपा अमेरिका फेमिनिना महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई है। उसने उरुग्वे के खिलाफ शुरुआती आधे घंटे में तीन गोल करके 5-1 से जीत हासिल की और पांचवीं बार फाइनल मे ◌जगह बनाई। अमांडा गुटिएरेस ने 11वें मिनट में ब्राजील की तरफ से पहला गोल किया। इसके दो मिनट बाद जियोवाना क्विरोज़ ने बढ़त दोगुनी कर दी जबकि स्टार खिलाड़ी मार्टा ने 27वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल करके ब्राजील की जीत सुनिश्चित कर दी।गुटिएरेस ने 65वें मिनट में फ्री किक पर एक और गोल किया, जबकि डुडिन्हा ने 86वें मिनट में टीम की तरफ से पांचवां गोल दागा। ब्राजील अगले शनिवार को होने वाले फाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगा, जिसने सोमवार को अर्जेंटीना को पेनल्टी शूट आउट में 5-4 से हराया था। जिसने सोमवार को अर्जेंटीना को पेनल्टी शूट आउट में 5-4 से हराया था।